भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
भूमि संसाधन विभाग

लोक सभा
आतारांकित प्रश्न सं. 372
दिनांक 21 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

372. श्री ज्ञानेश्वर पाटील :
श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर :
श्री निलेश ज्ञानदेव लंके :
डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे :

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जलविभाजक विकास घटक के अंतर्गत महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश राज्यों और दादरा और नगर हवेली संघ राज्यक्षेत्र के लिए विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और दादरा और नगर हवेली में पूर्ण हो चुकी तथा अपूर्ण परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या इन परियोजनाओं में समय और लागत की अधिकता हुई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)

(क) से (ग) : भूमि संसाधन विभाग ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जलविभाजक विकास घटक 2.0 (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के तहत महाराष्ट्र के 30 जिलों में 140 परियोजनाएं और मध्य प्रदेश के 36 जिलों में 91 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 का कार्यान्वयन संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली में नहीं किया गया है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 को कार्यान्वित करने

वाली राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (एसएलएनए) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं के स्वीकृत, चल रहे और पूर्ण होने का जिला-वार विवरण क्रमशः **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(घ) डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 की स्वीकृत परियोजना अवधि दिनांक 31.03.2026 तक थी। विभिन्न प्रशासनिक कारणों से चल रहे डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 कार्यक्रम को अप्रैल, 2021 के स्थान पर दिसंबर, 2021 में सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप, भूमि संसाधन विभाग, जनवरी-फरवरी, 2022 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में परियोजनाओं को स्वीकृत कर सकता था और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन अप्रैल, 2022 से शुरू हुआ। तदनुसार, सभी चल रही डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाएं कार्यान्वयन के उन्नत चरण में हैं। तथापि, परियोजनाओं में लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई। प्रभावी समापन और अपेक्षित परिणामों को प्राप्त करने के लिए, डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं की परियोजना अवधि को छह माह अर्थात दिनांक 01.04.2026 से दिनांक 30.09.2026 तक बढ़ा दिया गया है।

*****

अनुलग्नक I

दिनांक 21.07.2026 के लोक सभा आतारांकित प्रश्न संख्या 372 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

महाराष्ट्र में स्वीकृत, चल रही और पूर्ण हो चुकी डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई-2.0 परियोजनाओं का जिला-वार विवरण

क्र.सं.	जिला	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	चल रही परियोजनाओं की संख्या	पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की संख्या
1	अहिल्यानगर (पूर्व में अहमदनगर)	7	7	
2	अकोला	6	6	
3	अमरावती	3	1	2
4	छत्रपती संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद)	7	7	
5	बीड़	3	2	1
6	भंडारा	2	2	
7	बुलढाणा	6	5	1
8	चंद्रपुर	8	7	1
9	गढ़चिरौली	4	3	1
10	गोंदिया	5	2	3
11	हिंगोली	3	2	1
12	जलगांव	3	3	
13	जालना	2	2	
14	लातूर	2	2	
15	नांदेड़	4	3	1
16	नंदुरबार	4	1	3
17	नासिक	3	3	
18	धाराशिव (पूर्व में उस्मानाबाद)	6	6	
19	पालघर	8	7	1
20	परभणी	3	1	2
21	पुणे	1	0	1

22	रायगढ़	10	7	3
23	रत्नागिरी	9	9	
24	सांगली	4	4	
25	सिंधुदुर्ग	9	3	6
26	सोलापुर	4	4	
27	ठाणे	1	1	
28	वर्धा	4	4	
29	वाशिम	7	7	
30	यावतमाल	2	2	
	कुल	**140**	**113**	**27**

अनुलग्नक-II

दिनांक 21.07.2026 के लोक सभा आतारांकित प्रश्न संख्या 372 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

मध्य प्रदेश में स्वीकृत, चल रही और पूर्ण हो चुकी डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई-2.0 परियोजनाओं का जिला-वार विवरण

क्र.सं.	जिला	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	चल रही परियोजनाओं की संख्या	पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की संख्या
1	अलीराजपुर	5	5	
2	अनूपपुर	3	3	
3	अशोकनगर	2	2	
4	बरवानी	5	3	2
5	छतरपुर	2	2	
6	छिंदवाड़ा	4	4	
7	दमोह	2	2	
8	देवास	2	2	
9	धार	2	2	
10	डिंडोरी	4	4	
11	गुना	3	3	
12	ग्वालियर	2	2	
13	होशंगाबाद	2	2	
14	इंदौर	1	1	
15	जबलपुर	2	2	
16	झाबुआ	2	2	
17	कटनी	2	2	
18	खरगोन	2	1	1
19	खंडवा	2	2	
20	मंडला	5	5	
21	मंदसौर	2	2	
22	मोरेना	2	2	
23	नरसिंहपुर	3	3	
24	नीमच	3	3	

25	राजगढ़	2	2	
26	रतलाम	3	3	
27	रीवा	2	2	
28	सागर	4	4	
29	सेहोर	1	1	
30	शाजापुर	2	2	
31	श्योपुर	2	2	
32	शिवपुरी	2	2	
33	सीधी	3	3	
34	टीकमगढ़	2	2	
35	उमरिया	2	0	2
36	विदिशा	2	2	
	कुल	**91**	**86**	**5**